दिन– मंगलवार दिनांक– 12/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रदेश की चार विधानसभा सीटों बेलागंज, इमामगंज, तरारी और रामगढ़ उपचुनाव के लिए कल सुबह सात बजे से मतदान होगा। निर्वाचन आयोग ने मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली है। मतदान केंद्रों पर ईवीएम और वीवीपैट के साथ कर्मियों को भेजा जा रहा है। सभी मतदान केंद्रों पर सुरक्षा बलों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन चारों विधानसभा क्षेत्रों में बारह लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग ने इन क्षेत्रों में एक हजार दौ सतहत्तर मतदान केन्द्र बनाये हैं। उप चुनाव में कुल अड़तीस प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। इंडिया गठबंधन से राष्ट्रीय जनता दल तीन सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। वहीं, भाकपा माले एक सीट पर मुकाबले में है। एनडीए खेमे से भाजपा दो सीट पर जबकि जदयू और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा एक एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। बहुजन समाज पार्टी ने दो, जबकि जनसुराज पार्टी ने सभी चार सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं।

————————————————————————

तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। आज एनडीए से जदयू के अभिषेक झा ने अपना नामांकन पत्र भरा। इस अवसर पर सांसद देवेशचंद्र ठाकुर समेत एनडीए के कई नेता मौजूद थे। गौरतलब है कि देवेशचंद्र ठाकुर के लोकसभा सदस्य चुने जाने के बाद इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है।

————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल दरभंगा के शोभन में प्रस्तावित एम्स के निर्माण कार्य की आधारशिला रखेंगे। दरभंगा मे बनने वाला एम्स बिहार का दूसरा एम्स होगा। इसके निर्माण के लिए केन्द्र सरकार ने एक हजार दो सौ इकसठ करोड़ रूपये की राशि उपलब्ध कराई है। साथ ही प्रधानमंत्री कल ही दरभंगा में आयोजित एक कार्यक्रम से झंझारपुर–लौकहा रेलखंड का उद्‌घाटन करेंगे। श्री मोदी इस रेलखंड पर पैसेंजर ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इधर, प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर सभी

तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं। साथ ही दरभंगा शहर के यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया है।

————————————————————————

केन्द्रीय सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज आकांक्षी जिला कटिहार में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के बाद श्री गुर्जर ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और आधारभूत संरचना समेत अन्य तय मानकों पर काम हो रहा है और इसकी बेहतर उपलब्धियाँ हासिल हो रही हैं। इधर, आकांक्षी जिला बेगूसराय में भी आज केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने विकास कार्यों की समीक्षा की। संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार आकांक्षी जिलों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

————————————————————————

खेल मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता चतुर्वेदी ने आज गया जिले के खिजरसराय प्रखंड अंतर्गत करपी गांव स्थित प्लस–टू जनता उच्च विद्यालय में मनरेगा के तहत नवनिर्मित स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य पर संतोष जताया। इस अवसर पर गया के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम. भी उपस्थित थे।

————————————————————————

राजगीर में आयोजित महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के चौथे लीग मुकाबले मे थाईलैंड और जापान के बीच मैच एक–एक से टाई रहा। अभी चीन और मलेशिया के बीच मैच जारी है। आज का तीसरा और अंतिम मैच भारत और दक्षिण कोरिया के बीच शाम चार बजकर पैंतालीस मिनट पर खेला जायेगा।

————————————————————————

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस हर वर्ष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के उन्नीस सौ सैंतालीस में ऑल इंडिया रेडियो, दिल्ली, अब आकाशवाणी के स्टूडियो में पहली और अंतिम बार आने की याद में मनाया जाता है। राष्ट्रपिता ने सतहत्तर वर्ष पहले आकाशवाणी से अपने संबोधन में कहा था कि ऑल इंडिया रेडियो के माध्यम से उनका प्रयास है कि लोगों तक अपनी बात पहुंचा सके।

————————————————————————

आज देवोत्थान एकादशी है। हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आज के दिन भगवान विष्णु चार महीने बाद योग निद्रा से जगते हैं। इसके साथ ही चतुर्मास का समापन होता है और मांगलिक कार्यों की शुरूआत होती है। आज के दिन तुलसी–शालीग्राम विवाह की भी परंपरा है। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया है कि देवोत्थान एकादशी पर बेगूसराय के सिमरिया धाम में शाही स्नान को लेकर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।